आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.03.2026 समय : 02.10pm

पश्चिम एशिया संघर्ष

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ऊर्जा और कृषि, धातुओं तथा कच्चे माल जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों और इनकी आपूर्ति में संकट से 140 करोड़ भारतीयों को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वपूर्ण और त्वरित प्रतिक्रियाओं की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री जयशंकर ने कहा कि घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 रूपये प्रति लीटर की कटौती से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि डीजल पर 21 रुपये 50 पैसे प्रति लीटर और विमानन ईंधन पर 29 रूपये 50 पैसे प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाने से घरेलू स्तर पर पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार के नागरिक प्रथम दृष्टिकोण का हिस्सा है।

मुख्यमंत्री- मीडिया वार्ता

मुख्यमंत्री ने आज मीडिया से वार्ता के दौरान कहा कि 'सभी वर्गों का कल्याण' सरकार का मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को देश का नंबर वन राज्य बनाने का विजन साझा किया। साथ ही, राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश 'नदियों का मायका' है और यहां 250 से अधिक नदियां हैं, उन्होंने पार्वती काली सिंध चंबल लिंक परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका लाभ राजस्थान और मध्यप्रदेश के करोड़ों नागरिकों को मिलेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विज्ञान शिक्षा को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। लोक शिक्षण आयुक्त ने बताया कि कल यानि 28 मार्च से भोपाल के NITTTR संस्थान में भौतिकी, रसायन और गणित के शिक्षकों को प्रयोगशालाओं के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 'स्किल्ड इंडिया' विजन के तहत प्रदेश के लगभग 17 हजार शिक्षक इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

रामनवमी

आज पूरे प्रदेश में रामनवमी का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन संयम और मानवीय मूल्यों का आदर्श है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से अयोध्या में प्रभु रामलला के 'दिव्य सूर्य तिलक' के दर्शनों का उल्लेख

करते हुए इसे हर रामभक्त के लिए गौरव का क्षण बताया। आगरमालवा, गुना, पन्ना सहित प्रदेश भर में रामनवमी पूजन का आयोजन उत्साह पूर्वक किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री -समीक्षा बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ भविष्य की योजनाओं और तैयारियों पर चर्चा करना है। हालांकि, आचार संहिता के चलते चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इसमें शामिल नहीं होंगे।

पेट्रोल-डीजल

भोपाल जिला प्रशासन ने पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर लगाम कसने के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है। सोशल मीडिया पर 'पेट्रोल खत्म' या 'हड़ताल' जैसी झूठी खबरें फैलाने वालों और WhatsApp ग्रुप एडमिन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की टीम 24 घंटे फेसबुक और एक्स (X) जैसे प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी रख रही है। साथ ही, स्टॉक छिपाने या कालाबाजारी करने वाले पेट्रोल पंपों का लाइसेंस तुरंत रद्द किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज से प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में ग्वालियर, भिंड और छतरपुर समेत 7 जिलों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी 30 मार्च तक हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। बीते 24 घंटों में नर्मदापुरम 41.6 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा, लेकिन अब बारिश से तापमान में गिरावट की उम्मीद है।

कुछ समाचार संक्षेप में :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज चित्रकूट में रामनवमी के अवसर पर चित्रकूट गौरव दिवस में शामिल होंगे।
- शिवपुरी जिले में कल युवा संगम कार्यक्रम के तहत 36युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए गए ।
- नीमच में कल पंचायत भादवा माता में विधिक जागरूकता एवं जनसंपर्क शिविर आयोजित किया गया।
- इंदौर रेलवे स्टेशन पर सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन के पार्सल बिल्डिंग एवं बेसमेंट निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।